संत थॉमस स्कूल धुर्वा, राँची

विषय - हिंदी, पाठ **5** कदंब का पेड़ कक्षा-**7**

(2021-2022)

उत्तर

मौखिक

1. उत्तर- प्रथम पंक्ति में यमुना नदी का नाम आया है।
2. उत्तर-बालक कदम्ब के पेड़ पर बैठना चाहता है।
3. उत्तर-बालक बंसी बजा कर माँ को बुलाने की बात करता है।
4. उत्तर-बालक माँ को अपनी ओर आता देख कर कदंब के पेड़ की पत्तियों पर छिप जाता।
5. उत्तर-माँ गुस्से में बालक को डाँट कर कहती कि नीचे आ जाओ, मैं तुम्हें मिठाई, नए खिलौने, माखन- मिश्री और दूध मलाई दूँगी।
6. उत्तर-इस कविता की कवयित्री का नाम सुभद्रा कुमारी चौहान है।

लिखित

लघु उत्तरीय प्रश्न

1. कविता में माँ को संबोधित किया गया है।
2. कविता में कदब के वृक्ष का जिक्र है।
3. बालक बंसी के स्वर में माँ को बुलाना चाहता है।
4. वृक्ष पर बालक 'माँ' कहकर पत्तों पर छुप जाता।
5. नीचे आकर बालक माँ द्वारा फैलाए गए आँचल के नीचे छिप जाता।

लिखित

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. बालक माँ को परेशान करने के लिए बिना बताए चुपके से घर से बाहर निकल आता तथा वह कदंब के पेड़ पर चढ़कर बांसुरी बजाने लगता। माँ के लाख बुलाने, प्रलोभन देने पर भी वह नीचे नहीं आता। इस प्रकार बालक माँ को परेशान करता।
2. माँ बालक को नीचे आने पर मिठाई, नए-नए खिलौने, मक्खन, मिसरी, दूध तथा मलाई देने का लालच देती। लेकिन बालक कदम के पेड़ से नीचे नहीं उतरता।
3. माँ ईश्वर से अपनी आँचल पसार कर तथा अपनी आँखें बंद करके ईश्वर से प्रार्थना करती।
4. जब बालक कहीं दिखाई नहीं देता है तो माँ अपने आँचल पसार कर जब ईश्वर से प्रार्थना कर रही होती है उसी समय बालक माँ के आँचल में जाकर छिप जाता है।
5. इस कविता में सुभद्रा जी ने एक बालक की मन की इच्छा को चित्रित किया है जो कन्हैया की तरह बनना और उनकी ही तरह कदम्ब के पेड़ पर खेलना चाहता है. वह कल्पना करता है कि यह कदंब का पेड़ अगर यमुना नदी के किनारे होता तो वह नीचे की डाली के सहारे ऊपर तक चढ़ जाता। बहुत बुलाने पर भी वह बालक जब उतर कर नहीं आता तब माँ का हृदय बहुत विकल हो जाता।